परामर्श पत्र सं. 02/2020

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

‘वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत वीसैट द्‌वारा उपग्रह के माध्यम से सेल्लयूलर बैकहॉल कनेक्टिविटी के प्रावधान पर परामर्श पत्र’

29 जनवरी, 2020

महानगर दूरसंचार भवन
जवाहर लाल नेहरू मार्ग
नई दिल्ली-110002

साझेदारों से परामर्श पत्र पर 26 फरवरी, 2020 तक लिखित टिप्पणियां और 11 मार्च, 2020 तक प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित की जाती है।

टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियां को मुख्यः इलेक्ट्रोनिक रूप में श्री सैयद तौसीफ अब्बास, परामर्शदाता (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग) को ईमेल आईडी advmn@trai.gov.in भेजी जाए और प्रति-टिप्पणियां ट्राई की वेबसाइट पर प्रकाशित होंगी।

किसी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, श्री सैयद तौसीफ अब्बास, परामर्शदाता (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग) से टेलीफोन पर संपर्क किया जाए।

विषय-सूची

अध्याय - I प्रस्तावना 1

अध्याय -II: मौजूदा वीसैट सीयूजी सेवा लाइसेंस/प्राधिकरण के मुद्दें 5

अध्याय -III: परामर्श के लिए मुद्दें 22

अनुलग्नक -I: 24

अनुलग्नक -II 35

अध्याय - I

पृष्ठभूमि

1.1 दूरसंचार सेवाओं ने भौगोलिक रूप फैले तथा बंटे हुए भारत को एक करने और देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक प्रमुख सहारे की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहरहाल, कुछ सुदूर क्षेत्र और भारत के लगभग 43,000 दूरस्थ गांव अभी भी किसी भी मोबाइल सेवा से वंचित है। इसके लिए, अन्य बातों के साथ-साथ सुदूर और दुर्गम क्षेत्र, विविध रूप से वितरित आबादी, खराब पहुंच, और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीकॉम ऑपरेटरों के लिए वाणिज्यिक रूप से गैर-व्यवहार्य परिचालन कारण शामिल है। उपग्रह संचार दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में एक उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं।

1.2 वेरी स्मॉल एपर्चर टर्मिनल (वीसैट) एक प्रकार की उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी है जो दूरस्थ क्षेत्रों, जहाजों, तटीय क्षेत्रों, पहाड़ों, आदि जहां सीमित अथवा स्थल संबंधी संपर्कता न हो, वहां के लिए अत्यंत उपयोगी है। सीधे उपग्रह से, बहु-प्रसारण माध्यम से एक अत्यंत बड़े क्षेत्र में विभिन्न सेवाओं के प्रसारण के लिए वीसैट की क्षमता इसे अन्य प्रौद्योगिकियों पर अद्वितीय बढ़त देती है। फिलहाल, देश में वीसैट सीयूजी सेवाओं उपलब्ध कराने के लिए 7 वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा लाइसेंसधारक है। इन वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा लाइसेंसधारकों द्वारा ट्राई को रिपोर्ट किए गए अनुसार सितंबर, 2019 तक वीसैट के कुल 297047 अभिदाता है।

1.3 भारत सरकार द्वारा जारी नेशनल डिजीटल कॉम्यूनिकेशन पॉलिसी, 2018, के अंतर्गत वर्गीकृत मिशनों में से एक 'कनेक्ट इंडिया' है जो एक रणनीति के रूप में "भारत में उपग्रह संचार प्रौद्योगिकियों को सुदृढ़ करने" पर विचार करता है। इस रणनीति में 'उपग्रह संचार प्रौद्योगिकियों के लिए नियामक व्यवस्था की समीक्षा' की अपेक्षा होती है, जिसमें यह भी शामिल है

(i) लाइसेंस और नियामक शर्तों में शर्तों करना जो उपग्रह संचार जैसे गति अवरोध, बैंड आबंटन, आदि को सीमित करते हैं।

(ii) तीव्रता से शुरु करने के लिए वीसैट परिचालकों को अनुपालन अपेक्षाओं को सरलीकृत करना और

(iii) उचित लाइसेंस तंत्र द्वारा हाई थ्रूपुट सैटेलाइट प्रणाली की प्रभावी उपयोगिता के लिए अनुमेय सेवाओं का दायरा।

1.4 इस मिशन, 'कनेक्ट इंडिया' के अंतर्गत एक ओर रणनीति "समाज के शामिल नहीं हुए क्षेत्रों और डिजीटली वंचित क्षेत्रों का समावेश सुनिश्चित करना" है जो पूर्वोत्तर क्षेत्रों, हिमालय क्षेत्र, वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों, अकांक्षापूर्ण जिलों और सीमा क्षेत्रों में सभी शामिल नहीं क्षेत्रों के लिए संपर्कता

सुनिश्चित करने के लिए यूनिवर्सल सर्विस ओब्लिगेशन फंड को सुचारूबद्ध करना है।

1.5 हाल के वर्ष भारत के लिए नए मल्टीबैंड, मल्टीबीम हाई थ्रुपुट उपग्रह (एचटीएस) प्रक्षेपण और क्षमता आवर्धन में उल्लेखनीय रहे हैं। 6 जीबीपीएस बैंडविद्थ थ्रुपुट के साथ जीसैट-19 की 50 प्रतिशत भारत में कवरेज है, 5 जीबीपीएस बैंडविद्थ के साथ जीसैट-29 की मुख्य कवरेज जेएंडके, देश के पूर्वोत्तर भाग में कवरेज है, 16 जीबीपीएस बैंडविद्थ थ्रुपुट के साथ जीसैट-11 की पूरे राष्ट्र में कवरेज है। 70 जीबीपीएस बैंडविद्थ थ्रुपुट के साथ जीसैट-20 जिसकी पूरे देश में कवरेज होगी, इसे अगले कुछ महिनों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में प्रक्षेपित किया जाना है। ये एचटीएस प्रक्षेपण प्रति बिट निम्नतर लागत को सक्षम बनाते हैं, जो वास्तव में वीसैट सेवाओं को अधिक किफायती और सक्षम बनाते हैं।

1.6 दूरसंचार विभाग ने दिनांक 13 अगस्त, 2019 (अनुलग्नक-I) के अपने पत्र सं. डीएस-14/92016-डीएस-I द्वारा ट्राई को वीसैट द्वारा उपग्रह के माध्यम से मोबाइल नेटवर्क के लिए बैकहॉल लिंकों की अनुमति देने के लिए एकीकृत लाइसेंस और एकीकृत लाइसेंस वीएनओ की निबंधन एवं शर्तों अनुबंध पर ट्राई संशोधित अधिनियम, 2000 द्वारा भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (यथा संशोधित) की धारा 11 की उप-धारा के उप नियम 91) की निबंधन के अनुसार सिफारिश देने का अनुरोध किया। दिनांक 13 अगस्त, 2019 के उल्लिखित संदर्भ द्वारा डीओटी ने वीसैट सर्विस एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएसएआई) से प्राप्त 21 मई, 2018 के अभ्यावेदन की प्रतिलिपि भी अग्रेषित की जिसमें इंटरनेट के प्रावधानों और दूरस्थ/दुर्गम क्षेत्रों में वॉयस सर्विस को संवर्धित करने के लिए वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा के अंतर्गत सेल्यूलर बैकहॉल सेवाओं का अनुरोध किया था। वीएसएआई द्वारा अपने पत्र में यह भी बताया गया कि वीसैट सेवा प्रदाताओं के पास देश भर में 250000 का संस्थापित आधार है जो सेल्लूर नेटवर्क को प्रभावी रूप से बैकहॉल के लिए तकनीकी रूप से सक्षम है। बहरहाल, वर्तमान नियमों के अनुसार, इस प्रकार की सेवाएं “कैरियर सेवाएं” में आती है जो नेशनल लॉंग डिस्टेंस सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत आती है।

1.7 वर्तमान लाइसेंस व्यवस्था के अनुसार, एक्सेस सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत स्वयं टेलीकॉम सेवा प्रदाता द्वारा बैकहॉल प्रोविजनिंग की जानी होती है। बहरहाल, सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत मोबाइल सेवा उपलब्ध करा रहे टेलीकॉम सेवा प्रदाता को किसी भी नेशनल लॉंग डिस्टेंस सर्विस प्रोवाइडर से बैकहॉल बैंडविद्थ को प्राप्त करना होती है। जबकि वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा लाइसेंसधारक को मोबाइल परिचालक को बैकहॉल संपर्कता उपलब्ध कराने की अनुमति नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, नेशनल लॉंग डिस्टेंस सर्विस ऑथोराइजेशन और वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा ऑथोराइजेशन दोनों लाइसेंसधारकों को नेशनल लॉंग डिस्टेंस सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत बैकहॉल बैंडविद्थ उपलब्ध कराने के लिए संस्थापित वीसैट हब को शेयर करने की अनुमति नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, वीसैट हब को उसी सेवा क्षेत्र में होने की आवश्यकता

होती है जहां मेन स्विचिंग सेंटर (एमएससी) स्थित हो। वीएसएआई ने यह भी प्रस्तुत किया कि वीसैट ऑथोराइजेशन के अनुसार, वीसैट टर्मिनल को बहु-स्वतंत्र अभिदाताओं को इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक वितरण पाइंट के रूप में उपयोग किया जा सकता है, यदि वीसैट सीयूजी लाइसेंसधारक के पास इंटरनेट सर्विस आथोराइजेशन हो। बहरहाल, मोबाइल सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए एक बैकहॉल के रूप में वीसैट टर्मिनलों को सक्षम बनाने के लिए कोई इसी प्रकार का अन्य उप नियम मौजूद नहीं है।

1.8 वाणिज्यिक वीसैट ऑथोराइजेशन के अंतर्गत संस्थापित वीसैट हब की शेयरिंग की अनुमति देने के मुद्दे को जांचने की आवश्यकता है जो गैर-शामिल क्षेत्रों में वॉयस सर्विस के साथ इंटरनेट सेवाओं को विस्तारित करने में सक्षम बनाएगी। वर्तमान में, वीसैट वाणिज्यिक लाइसेंस की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार नेशनल लॉंग डिस्टेंस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मौजूदा वीसैट हब को शेयर करने में कोई प्रतिबंध नहीं है। इस प्रकार की शेयरिंग से वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी लाइसेंस के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में बीटीएस/मोबाइल नेटवर्क जोड़ने के लिए बैकहॉल अनमति से वीसैट क्षमताओं का उपयोग किया जा सकता है।

1.9 इस पृष्ठभूमि में, डीओटी ने दिनांक 13 अगस्त, 2019 के संदर्भित पत्र द्वारा ट्राई को ट्राई अधिनियम (ट्राई संशोधन अधिनियम, 2000 द्वारा यथा संशोधित) की धारा 11(1)(ए) के अंतर्गत वीसैट द्वारा मोबाइल नेटवर्क के लिए बैकहॉल लिंकों की अनुमति के लिए एकीकृत लाइसेंस और एकीकृत लाइसेंस वीएनओ निबंधन एवं शर्तों में संशोधनों पर सिफारिशें प्रस्तुत करने को कहा।

1.10 उपरोक्त को देखते हुए, इस परामर्श पत्र को सभी साझेदारों के साथ चर्चा करने और टिप्पणियां तथा प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। अध्याय-I पृष्ठभूमि सूचना उपलब्ध कराता है, अध्याय-II डीओटी का अनुरोध की जांच करता है और परामर्श के लिए विभिन्न मुद्दों की चर्चा करता है। अध्याय-III पर परामर्श के लिए मुद्दे देता है और भागीदारों की टिप्पणियां की वांछा करती है।

अध्याय- II: मौजूदा वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा लाइसेंस/प्राधिकरण के मुद्दें

क. टेलीकॉम नेटवर्क में बैकहॉल की भूमिका

2.1 मौजूदा मोबाइल नेटवर्क में विभिन्न प्रौद्योगिकियां शामिल है, जैसे 2जी/सीडीएमए, 3जी, 4जी/एलटीई-ए. इन मोबाइल नेटवर्कों को ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की आवश्यकता होती है जो कोर नेटवर्क और मोबाइल नेटवर्क के आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) को जोड़ता है। इस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को मोबाइल नेटवर्क में बैकहॉल कहा जाता है। छोटे सेल परिदृश्य में, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क जो मैक्रोसेल को स्मॉल सेल से जोड़ता है, उसे फ्रंटहॉल कहा जाता है, बहरहाल, सामान्यतः मोबाइल बैकहॉल शब्द फ्रंटहॉल और बैकहॉल अवधारणा दोनों को सम्मिलित करता है।

2.2 क्रियान्वयन बिंदु से बैकहॉल आर्किटेक्चर सामान्यतः दो भागों में बांटा जाता हैः

- बैकहॉल का सेल एक्सेस पार्ट (समूहन-पूर्व खंड) समूहन बिंदु से बेस स्टेशन (बीटीएस/नोड-बी/ईनोड-बी) को अंतिम बैकहॉल सम्पर्कता उपलब्ध कराता है, और;
- <u>एकत्रण खंड</u> जो विभिन्न एक्सेस भागों से यातायात को एकत्रित करता है और इसे बीएससी/आरएनसी/एजीडब्ल्यू को बैकहॉल करता है।

2.3 बैकहॉल का सेल एक्सेस पार्ट विशेष रूप से विभिन्न स्टेशन साइटों से ट्रैफिक एकत्रित करता है और एकत्रण नेटवर्क को फीड करता है। परिचालक नीति और साइट की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए विभिन्न उपलब्ध एक अथवा भौतिक लिंक प्रौद्योगिकियों (माइक्रोवेव, कॉपर, फाइबर अथवा उपग्रह) के संयोजन को इस भाग में उपयोग किया जा सकता है। बैकहॉल लिंक के प्रत्येक प्रकार की कतिपय विशेषताएं और हानियां होती है। बहरहाल, माइक्रोवेव अधिकांश सेल साइटों में पाई जाने वाली बैकहॉल प्रौद्योगिकी है। बैकहॉल नेटवर्क का एकत्रण भाग मुख्य उच्चतर बैंडविद्थ आवश्यकताओ के कारण मुख्यतः ऑप्टिकल फाइबर पर निर्भर करता है। बहरहाल, कमतर बैंडविद्थ आवश्यकताओं के मामले में माइक्रोवेव को भी उपयोग किया जा सकता है।

चित्र 1.1: मोबाइल बैकहॉल



प्रचलित बैकहॉल तकनीकें

2.4 बैकहॉल के लिए दुनियाभर में परिचालकों द्वारा विभिन्न तकनीकें उपयोग की जाती है। प्रचलित तकनीकों में कॉपर लाइन, फाइबर ऑप्टिक, वॉयरलैस/माइक्रोवेव बैकहॉल और सैटेलाइट बैकहॉल शामिल है। इन तकनीकों का संक्षेप नीचे दिया गया है: -

(क) **कॉपर लाइन-** एकत्रण पूर्व खंड में बैकहॉल संपर्कता मुहैया कराने के लिए, एक्सडीएसएल प्रौद्योगिकियों द्वारा कॉपर पेयर उपयोग किया जा सकता है। कॉपर लाइन अधिकांशतः 2जी और 3जी नेटवर्क में उपयोग होने वाली तकनीक है। कॉपर-बेस्ड बैकहॉल टी1/ई1 प्रोटोकाल पर आधारित होता है जो 1.5 एमबीपीएस से 2 एमबीपीएस को सपोर्ट करता है। बैंडविद्थ आवश्यकताओं की वृद्धि के साथ कॉपर लाइन बैकहॉल की लागत रैखिक रूप से बढ़ती है। बैंडविद्थ की बाध्यताओं के कारण और अन्य अनुरक्षण संबंधी मुद्दों के कारण, कॉपर बेस्ड बैकहॉल तकनीक कम वरीयतापूर्ण हो जाती है और अधिकांश सेवा प्रदाता द्वारा फाइबर ऑप्टिक बैकहॉल सॉल्यूशनों को अपनाया गया था।

(ख) **फाइबर ऑप्टिक** - ऑप्टिक फाइबर बैकहॉल के साथ-साथ आधारभूत नेटवर्क के लिए सबसे अधिक व्यवहारिक उपाय के रूप में विकसित हुआ है। इसकी उच्च क्षमता और मापनीयता के कारण, उच्च क्षमता मार्गों जहां लॉजिस्टिक्स प्रबंधनीय है, क्षमता आवश्यकता उच्च है और संभावित राजस्व आमदनी संस्थापना के व्यय पूरा करता है, सही विकल्प है। इसे सेल साइटों को मोबाइल स्विच सेंटरों और अन्य कोर नेटवर्क के अन्य घटकों को जोड़ने के लिए भौतिक माध्यम के रूप में प्रयोग किया जाता है। फाइबर बिछाने का दूसरा पहलू है कि यह महंगा है और फाइबर बिछाने में समय लगता है। उच्च लागतों और लॉजिस्टिक चुनौतियों के कारण प्रत्येक साइट तक फाइबर बिछाना व्यवहारिक रूप से कठिन है।

(ग) **माइक्रोवेव बैकहॉल** - यह मोबाइल बैकहॉल के लिए कम लागत विकल्प है और उच्चतर आवृत्ति और वृहत्तर कवरेज उपलब्ध कराता है। फाइबर की तुलना में इसे आसानी से फैलाया जा सकता है, जो इसे मोबाइल बैकहॉल के लिए लोकप्रिय तकनीक बनाता है। माइक्रोवेब और ई-बैंड प्रौद्योगिकियां नवोन्मषों के साथ तेजी से विकसित हो रही है जिसमें एडेप्टिव कोडिंग एंड मॉड्यूलेशन (एसीएम), हाई आर्डर क्वाड्रचर एम्पलिट्यूड मॉड्यूलेशन (क्यूएएम), क्रास पोलराइजेशन इंटरफ्रेंस कैंसलिंग (एक्सपीआईसी), कम्प्रेशन एक्सीसेटर और मल्टीपल इनपुट-मल्टीपल आऊटपुत (एमआईएमओ) शामिल है - सभी का उद्देश्य बैंडविद्थ है। वी-बैंड अथवा ई-बैंड उपयोग कर रहे बैकहॉल 10 जीबीपीएस से 25 जीबीपीएस डेटा थ्रूपूट क्षमताओं और विश्वभर में उपयोग होने के कारण 5जी को सपोर्ट करने के लिए उचित है। माइक्रोवेव लिंक स्थापित करने की प्रक्रिया में फ्रीक्वेंसी ऑथोराइजेशन एंड रेडियो फ्रीक्वेंसी एलोकेशन संबंधी स्थायी समिति (स्काफा) भी शामिल है। मोबाइल बैकहॉल के विस्तारण के लिए उच्चतर आवृत्ति बैंडों विशेषकर वी-बैंड और ई-बैंड में, कई देशों में गैर-लाइसेंसी अथवा निम्नतर लाइसेंस के अंतर्गत है। ट्राई ने दिनांक 28 अगस्त, 2014 के 'माइक्रोवेव पहुंच के आवंटन

और मूल्यांकन और माइक्रोवेव बैकबोन आरएफ कैरियर' पर अपनी सिफारिशों में कहा है कि ई-बैंड (71-76/81-86 गीगा हर्टज) और वी-बैंड (57-64 मीहर्टज) दोनों को हल्के नियंत्रण के साथ खोला जाना चाहिए और आवंटन 'लिंक टू लिंक' आधार पर होना चाहिए। बहरहाल, सरकार द्वारा इस पर निर्णय लिया जाना है।

(घ) **सैटेलाइट बैकहॉल** - सैटेलाइट बैकहॉल एक ऐसी विधि है जिसका उपयोग नेटवर्क के बाहरी क्षेत्रों, मुख्यः ग्रामीण क्षेत्रों और दुर्गम क्षेत्रों में किया जाता है। सैटेलाइट आधारित बैकहॉल सॉल्यूशन वीसैट हब द्वारा उपलब्ध कराया जाता है जो बेस स्टेशन और सेवाओं को तेजी से फैलाता है। यह वीसैट हब टर्मिनल सैटेलाइट के माध्यम से एग्रीगेटर को सीधे जोड़ता है जहां ट्रैफिक कोर नेटवर्क घटकों और इंटरनेट तक ऑप्टिक फाइबर पर ढोया जाता है। विलंबता की चुनौतियां होती है, बहरहाल, इन चुनौतियों को नई तकनीकों द्वारा घटाया गया है। डेटा कम्प्रेसन, बाइट-लेवल केचिंग, प्रीडिक्टिव केच लोडिंग और डेटा स्ट्रीम डी-डुप्लीकेशन लागू कर निम्नतर विलंब प्राप्त किया जा सकता है।

2.5 वर्ष 2025 तक 'मैक्रो बैकहॉल बाई मैथड' (चित्र 1.2 देखें) के लिए ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कॉम्यूनिकेशन (जीएसएमए) के प्रक्षेपण के अनुसार, विश्व बाजार में ऑप्टिकल फाइबर और माइक्रोवेव (41 गीगा हर्टज - 100 गीगा हर्टज) का शेयर प्रतिशत बहुत अधिक बढ़ेगा जबकि बैकहॉल के रूप में सैटेलाइट आधारित प्रौद्योगिकियों का प्रतिशत अछूता रहेगा।

चित्र 1.2: मैक्रो बैकहॉल बाई मैथड *(स्त्रोतः जीएसएमए)*



2.6 क्षेत्रवार अध्ययन और मैक्रो बैकहॉल बाई मैथड एंड फॉरकॉस्ट पर जीएसएमए द्वारा

पूर्वानुमान 2017 का ऐतिहासिक डेटा दर्शा रहा है और 2025 का पूर्वानुमान ऑप्टिक फाइबर और माइक्रोवेव प्रौद्योगिकियों विशेषकर 41 गीगा हर्टज - 100 गीगा हर्टज रेंज में दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया (एस एंड एसई क्षेत्र) सहित सभी क्षेत्रों में वृद्धि का अनुमान लगाया है। कुछ क्षेत्रों यथा मिडिल ईस्ट एवं नार्थ अफ्रीका (मेना), यूरोपीयन यूनियन (ईयू) और सब-सहारा अफ्रीका (एसएसए) क्षेत्रों में नकारात्मक वृद्धि अनुमान के बावजूद सैटेलाइट आधारित बैकहॉल प्रौद्योगिकी की उपयोगिता अभी भी महत्वपूर्ण है। जीएसएमए का प्रक्षेपण दर्शाता है कि मैक्रो और स्मॉल सेल बैकहॉल के लिए ऑप्टिकल और माइक्रोवेव (विशेषकर एमएमवेव में) बढ़ते हुए विस्तार के बावजूद सैटेलाइट आधारित प्रौद्योगिकियों विशेषकर वीसैट प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण और संदर्भित रहेगी।

चित्र 1.3: क्षेत्रवार बैकहॉल बाई मैथड और पूर्वानुमान *(स्रोतः जीएसएमए)*



2.7 मोबाइल परिचालक व्यापार, लॉजिस्टिक, बजटीय और क्षमता पहलूओं पर निर्भर करते हुए बैकहॉल की विभिन्न तकनीकों पर भरोसा करते हैं। विभिन्न तकनीकों के तुलनात्मक गुण है क्योंकि एक तकनीक सभी परिदृश्यों में फिट नहीं बैठती है। 2025 के लिए मैक्रो बैकहॉल तकनीकों के लिए जीएसएमए पूर्वानुमान को देखते हुए, विशेषकर भौगोलिक विविधताओं के कारण, सैटेलाइट आधारित बैकहॉल सेवाएं अभी भी महत्वपूर्ण है।

ख. बैकहॉल के प्रावधान हेतु मौजूदा नीति

2.8 डीओटी के दिनांक 13 अगस्त, 2019 के संदर्भ में वीसैट सर्विस एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीसाई) का दिनांक 21 मई, 2018 के पत्र का हवाला दिया गया है। वीसाई के अनुसार, वर्तमान लाइसेंस

व्यवस्था में: -

क) यूएल के एनएलडी ऑथोराइजेशन के अंतर्गत बैकहॉल प्रावधान किया जा सकता है। इन सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए मौजूदा वाणिज्यिक वीसैट हब उपयोग के शेयरिंग की अनुमति नहीं है।

ख) बैकहॉल मुहैया कराने जैसी कैरियर सेवाओं के लिए मौजूदा वीसैट हब की शेयरिंग में प्रतिबंध है।

ग) इसके अतिरिक्त, वीसैट हब को उसी सेवा क्षेत्र में होना चाहिए जहां एमएससी स्थित है।

2.9 वीसाई ने यह भी बताया कि वीसैट सीयूजी सर्विस ऑथोराइजेशन के अनुसार, वीसैट टर्मिनल को मल्टीपल स्वतंत्र अभिदाताओं को इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए एक वितरण बिंदु के रूप में उपयोग किया जा सकता है, यदि वीसैट सीयूजी लाइसेंसधारक के पास इंटरनेट सेवा ऑथोराइजेशन हो। बहरहाल, मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बैकहॉल के रूप में वीसैट टर्मिनल को सक्षम बनाने के लिए इसी प्रकार का अन्य कोई उपखंड मौजूद नहीं है।

2.10 डीओटी ने यह भी बताया कि एनएलडी और/अथवा वाणिज्य वीसैट ऑथोराइजेशन के अंतर्गत संस्थापित वीसैट हब की शेयरिंग के अनुमति देने की आवश्यकता है। यह अभी कवर नहीं किए क्षेत्रों में वॉयस सेवाओं के साथ इंटरनेट सेवाओं को विस्तारित करने में सक्षम बनाएगा।

ग. वीसैट के उपयोग पर मौजूदा नीति

2.11 एकीकृत लाइसेंस के अंतर्गत वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सर्विस ऑथोराइजेशन के दायरे के अंतर्गत निम्न प्रावधान उपलब्ध है:-

(i) सेवाओं का दायरे में वीसैट का उपयोग करते हुए भारत की क्षेत्रीय सीमा में फैले विभिन्न साइटों के बीच डेटा कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। सेवा के उपयोगकर्ता एक क्लोज्ड यूजर ग्रुप से संबंधित होना चाहिए। बहरहाल, वीसैट लाइसेंसधारक आईएसपी लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात अभिदाताओं को सीधे इंटरनेट सेवाए उपलब्ध कराने के लिए उसी हब स्टेशन और वीसैट स्टेशन (रिमोट स्टेशन) का उपयोग कर सकता है और इस मामले में वीसैट (रिमोट स्टेशन) को विविध स्वतंत्र अभिदाताओं को इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक वितरण बिंदु के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

(ii) लॉंग डिस्टेंस कैरिज राइट्स एनएलडी, आईएलडी और एक्सेस सेवा के लिए दिया जाता है, इस सेवा के दायरे में शामिल नहीं है।

(iii) वीसैट का उपयोग करते हुए इनसैट सैटेलाइट प्रणाली के माध्यम से क्लोज्ड यूजर ग्रुप डोमेस्टिक डेटा नेटवर्क को भारत की भौगोलिक सीमाओं में प्रतिबंधित होना चाहिए।

(iv) लाइसेंसधारक शेयर हब इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करते हुए कई सीयूजी बना सकते हैं।

(v) पीएसटीएन/पीएलएमएल क्नेक्टिविटी की अनुमति नहीं है।

(vi) टीईसी इंटरफेस अपेक्षा सं. टीईसी-आईआर/एससीबी08/02-एसईपी.2009, समय-समय पर यथा

संशोधित में विर्निदिष्ट के अनुसार तकनीकी मानदंडों के अनुपालन के अध्यधीन टीईसी इंटरफेस अपेक्षा सं. टीईसी-आईआर/एससीबी08/02-एसईपी.2009 में डेटा रेट की अनुमति है।

2.12 वीसैट का उपयोग करते हुए प्रावधान और वितरण लाइसेंस में पहले ही अनुमेय है। एकीकृत लाइसेंस ने असेवित और आवंछत क्षेत्रों को जोड़ने और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वीसैट का उपयोग करते हुए इंटरनेट सेवाओं के प्रावधान को सक्षम बनाता है। एकीकृत लाइसेंस का इंटरनेट सर्विस ऑथोराइजेशन चैप्टर-IX का उप नियम 2.1(vii) का प्रावधान करता है किः-

(vii) किसी भी वीसैट सर्विस अभिदाता को इंटरनेट सेवा मुहैया कराई जा सकती है, यदि वीसैट लाइसेंसधारक के सेवा क्षेत्र में स्थित है। इस उद्देश्य के लिए, किसी अधिकृत सेवा प्रदाता से लाइसेंसधारक नोड/सर्वर तक प्राप्त लीजशुदा लाइन द्वारा वीसैट नेटवर्क हब के अंतःक्नेक्शन की केवल इंटरनेट यातायात के लिए अनुमति है। लाइसेंसधारक लाइसेंसदाता को वीसैट अभिदाताओं की उनके स्थान एव वीसैट हब के साथ अंतःकनेक्शन लीजशुदा लाइन के ब्यौरें सहित मासिक विवरण उपलब्ध कराएगा। बहरहाल, वीसैट हब को लाइसेंसधारक के सेवा क्षेत्र में स्थित होना चाहिए।

घ. मौजूदा वाणिज्यिक वीसैट हव की शेयरिंग पर प्रतिबंध

2.13 वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सर्विस लाइसेंस/ऑथोराइजेशन के प्रावधान एक वितरण बिंदु के रूप में वीसैट का उपयोग करते हुए इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराने के अतिरिक्त मौजूदा वीसैट हब शेयर करने के लिए प्रतिबंधित करता है। एकीकृत लाइसेंस की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार, वीसैट सीयूजी ऑथोराइजेशन की अपने एनएलडी ऑथोराइजेशन के अंतर्गत सेवाएं मुहैया कराने के लिए लाइसेंसधारक द्वारा शेयर करने की अनुमति नहीं है। यह परिचालक(को) द्वारा अतिरिक्त पूंजीगत व्यय को अनावश्यक रूप से अपरिहार्य बनाता है।

2.14 डीओटी ने अपने संदर्भ में कहा कि *वीसैट क्षमताओं का उपयोग करने है एवं वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी लाइसेंस के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में बीटीएस/मोबाइल नेटवर्क के लिए बैकहॉल की अनुमति देने की आवश्यकता है। यह महसूस किया गया है कि दूरस्थ और अभी तक बिना संपर्क वाले क्षेत्रों में बैकहॉल संपर्कत्ता विस्तारित करने के संदर्भ में वीसैट प्रौद्योगिकीय क्षमताएं सीमित नहीं होनी चाहिए।* तदनुसार, डीओटी वाणिज्यिक वीसैट लाइसेंस एवं एनएलडी ऑथोराइजेशन में हब शेयरिंग में उल्लिखित “सेवा के दायरे” एवं “अवसंरचना शेयरिंग” के संबंधित उप नियमों में यूएल और यूएल(वीएनओ) लाइसेंस अनुबंध में औचित्यपूर्ण आशोधनों की आवश्यकता है।

2.15 संदर्भ द्वारा वीसैट के माध्यम से सैटेलाइट द्वारा मोबाइल बैकहॉल की अनुमति देने के लिए वीसैट सीयूजी प्राधिकरण के अंतर्गत संबंधित उप नियमों को सक्षम बनाने पर विचार किया गया है।

2.16 इंट्रा-सर्कल और इंटर-सर्कल यातायात की ढुलाई के लिए, यूएल के अंतर्गत एक्सेस सर्विस ऑथोराइजेशन प्रावधान करता है किः-

2.2 लाइसेंसधारक अपने नेटवर्क पर लंबी दूरी के यातायात की ढुलाई कर सकता है। बहरहाल, तकनीकी व्यवहार्यता के अध्यधीन, इंट्रा-सर्कल लाँग डिस्टेंस कॉल्स के अभिदाता को उसी सेवा क्षेत्र में दूसरे लाइसेंसधारक का उपयोग करने के लिए विकल्प दिया जाना चाहिए। लाइसेंसधारक को इंट्रा-सर्कल लाँग डिस्टेंस ट्रैफिक की ढुलाई के लिए अन्य यूएल लाइसेंसधारक (एक्सेस सर्विस के लिए प्राधिकरण)/अन्य एक्सेस लाइसेंसधारक/नेशनल लाँग डिस्टेस लाइसेंस धारक के साथ पारस्परिक अनुबंध होना चाहिए।

6.1 एक सेवा क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में इंटर-सर्कल यातायात एनएलडी लाइसेंसधारक अथवा एकीकृत लाइसेंसधारक जिसके पास एनएलडी सर्विस प्राधिकरण हो, द्वारा गुजरना होना चाहिए।

2.17 उपरोक्त पैरा में वर्णित किए अनुसार उप नियम 2.2 के अंतर्गत प्रावधान सूचित करता है कि इंट्रा सर्कल ट्रैफिक अपने नेटवर्क अथवा अन्य़ यूएल लाइसेंसधारक (एक्सेस सर्विस के प्राधिकरण के लिए)/अन्य एक्सेस सर्विस लाइसेंसधारक/नेशनल लाँग डिस्टेंस लाइसेंसधारक के साथ पारस्पारिक अनुबंध में ढुलाई की जा सकती है। बहरहाल, उपरोक्त पैरा में उल्लिखित प्रावधान 6.1 आवश्यक बनाता है कि एक सेवा क्षेत्र से दूसरे सेवा क्षेत्र तक इंटर-सर्कल ट्रैफिक की एनएलडी लाइसेंसधारक अथवा एनएलडी प्राधिकरण वाले य़ूएल लाइसेंसधारक द्वारा ढोया जा सकता है।

2.18 सामान्यतः एक सेवा प्रदाता फाइबर ऑप्टिक अथवा माइक्रोवेव बैकहॉल को वरीयता देता है क्योंकि दोनों के लाभ हैं, बहरहाल, दोनों मीडिया विकल्पों के अभाव में सेवा प्रदाता वीसैट बैकहॉल का सहारा लेता है। वीसैट बैकहॉल न केवल मोबाइल सेल्यूलर संचार के लिए बल्कि दूरस्थ अथवा ग्रामीण एक्सचेंजों जहां ओएफसी अथवा माइक्रोवेव संपर्कता व्यवहार्य नहीं है, वहां भी सम्पर्कता प्रदान करता है। देश के कई स्थानों/भागों विशेषकर अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप के द्वीपों में दूरसंचार प्रणाली या तो पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से बैकहॉलिंग के लिए सैटेलाइड आधारित प्रौद्योगिकियों पर निर्भर है क्योंकि वहां कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

2.19 एकीकृत लाइसेंस के अध्याय X में एकीकृत लाइसेंस के अंतर्गत नेशनल लांग डिस्टेंस ऑथोराइजेशन, अन्य बातों के साथ-साथ प्रावधान करता है किः-

2. एनएलडी सेवा का दायराः

2.1 (क) एनएलडी सर्विस लाइसेंधारक के पास अपने नेशनल लाँग डिस्टेस नेटवर्क पर इंटर-सर्कल बियरर दूरसंचार यातायात की ढुलाई का अधिकार है। लाइसेंसधारक इंट्रा-सर्कल स्विच ट्रैफिक की ढुलाई कर सकता है, यदि उसके पास प्रारंभिक एक्सेस सेवा प्रदाता के साथ पारस्पारिक अनुबंध हो।

(ख) आधारभूत सेवाओं के मामले में लाइसेंसधारक लाँग डिस्टेंस चार्जिंग सेंटर (एलडीसीसी) और शार्ट डिस्टेंस चार्जिंग सेंटर (एसडीसीसी) के बीच विभिन्न चरणों से ट्रैफिक को लेने, ढुलाई और सुपुर्दगी के लिए संबंधित सेवा प्रदाताओं के साथ पारस्पारिक अनुबंध कर सकता है।

(ग) सेल्यूलर मोबाइल टेलीफोन सर्विस ट्रैफिक के मामले में, इंटर-सर्कल ट्रैफिक प्रारंभिक/गंतव्य क्षेत्र में लेवल / टैक्स के स्थान पर एलडीसीए में स्थित पाइंट ऑफ प्रेजेंस पर सौंपा/लिया जाएगा।

2.2 (i) लाइसेंसधारक अन्य दूरसंचार सेवा लाइसेंसधारकों को भी बैंडविद्थ उपलब्ध करा सकता है।

2.20 दिनांक 13.08.2019 के पत्र द्वारा अपने संदर्भ में डीओटी ने उल्लेख किया है कि उसी लाइसेंसधारक द्वारा वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत सेवाएं मुहैया कराने के लिए एनएलडी सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत संस्थापित वीसैट हब को शेयरिंग की अनुमति देने की भी आवश्यकता है। वास्तव में, एकीकृत लाइसेंस के अंतर्गत किसी भी सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत एक लाइसेंसधारक द्वारा स्थापित सभी सक्रिय और निष्क्रिय अवसंरचना की शेयरिंग अन्य ऑथोराइजेशन के अंतर्गत लाइसेंसधारक को अन्य अधिकृत सेवा(ओं) के उपलब्ध कराने की अनुमति देनी चाहिए।

2.21 इस आशय के लिए, यूएल के अध्याय- VIII में एक्सेस सर्विस ऑथोराइजेशन में पहले से ही मौजूद है, प्रावधान करता है कि: -

4.3 इसके अतिरिक्त, लाइसेंसधारक लाइसेंस के अंतर्गत अन्य अधिकृत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी सक्रिय और निष्क्रिय अवसंरचना को शेयर कर सकता है।

2.22 बहरहाल, यह उप नियम केवल उन लाइसेंसधारकों पर लागू है जिन्होंने एक्सेस सर्विस ऑथोराइजेशन प्राप्त कर लिया है। यूएल की सभी सर्विस ऑथोराइजेशन और सभी लाइसेंसधारकों में इस सक्षमता उप नियम विस्तारित करने की संभावना तलाशने की आवश्यकता है। तदनुसार, साझेदारों के दृष्टिकोण मांगे गए हैं कि क्या यूएल के अन्य सर्विस ऑथोराइजेशन और अन्य लाइसेंसधारकों के अंतर्गत विभिन्न अधिकृत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी सक्रिय और निष्क्रिय अवसंरचना को शेयर करने की अनुमति होनी चाहिए।

2.23 डीओटी ने अपने संदर्भ में यह भी उल्लेख किया कि एनएलडी लाइसेंस का दायरा अधिक व्यापक है और एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर/कमर्शिय वीसैट सर्विस प्रोवाइडर द्वारा बीटीएस/बीएससी/एमएससी के लिए बैकहॉल सर्विस के प्रावधान तक सीमित नहीं होना चाहिए। एक्सेस/एनएलडी/वाणिज्यिक सेवा प्रदाता के लिए लाइसेंस फीस एजीआर आधारित है और इसकी एकसमान दर 8 प्रतिशत है। डीओटी ने यह भी उल्लेख किया कि यूएल व्यवस्था में, आईपी आधारित अगली पीढ़ी के नेटवर्क के लिए, मीडिया गेटवे कंट्रोलर (एमजीसी)/सॉफ्टस्विच को एक्सेस सर्विस के लिए अधिकृत सेवा क्षेत्र की भौगोलिक सीमा अथवा देश में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है, यदि लाइसेंस एनएलडी/आईएलडी सेवा के लिए भी अधिकृत हो।

2.24 इस संबंध में, डीओटी ने दिनांक 23.06.2017 ने यूएल और यूएएसएल लाइसेंसों में 'तकनीकों और परिचालन शर्तों' के अंतर्गत 'स्विचों की स्थिति और अन्य नेटवर्क घटकों' उप नियमों की संबंधित शर्तों में आशोधन जारी किया है। आशोधन उप नियमों में लाइसेंसधारक को भारत में कहीं भी अपने उपकरण को होस्ट करने की अनुमति दी है, बशर्ते इंटरक्नेक्शन पाइंट इंटर ऑपरेटर, इंटर सर्विस एरिया, एनएलडी एवं आईएलडी कॉलों के लिए संबंधित सेवा क्षेत्रों में स्थित एवं परिचालित

किए जा रहे हो और लाइसेंस में उल्लेख किए अनुसार सुरक्षा शर्तों को पूरा करते हो। वास्तव में लाइसेंस में मीडिया गेटवे कंट्रोलर/सॉफ्टस्वित और अन्य एकसमान प्रणालियों की अनिवार्य होस्टिंग की शर्तों को डीओटी द्वारा समाप्त कर दिया गया है।

2.25 एनएलडी प्राधिकरण (एकीकृत लाइसेंस के अध्याय - X) के उप नियम 2.2 के अनुसार, एनएलडी लाइसेंसधारक अन्य टेलीकॉम सेवा लाइसेंसधारक को भी बैंडविद्थ उपलब्ध करा सकता है। एनएलडी सेवा प्रदाता इस उप नियम के अंतर्गत एक्सेस सेवा प्रदाता को बैकहॉल बैंडविद्थ मुहैया करा रहे हैं। एनएलडी सेवा प्रदाता को किसी भी मीडिया जैसे ऑप्टिकल फाइबर, माइक्रोवेव, सैटेलाइट आदि का उपयोग करते हुए ट्रांसमिशन बैंडविद्थ स्थापित करने की अनुमति है।

2.26 एनएलडी ऑपरेटरों ने देश के सभी भागों में नेटवर्क के फाइबरीकरण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ओएफसी धीरे-धीरे छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में फैल चुका है। बहरहाल, डिजीटल इंडिया के सपने को पूरा करने के लिए, वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी ऑथोराइजेशन वाले लाइसेंसधारक अंतिम छोर संपर्कता विकल्पो के लिए प्रमुख टीएसपीएस और एनएलडी सेवा प्रदाताओं के योगदान में वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिक निभा सकते है। समाज के विभिन्न वर्गों में डिजीटल विभाजन को समाप्त करने में प्रमुख आवश्यकता डिजीटल अवसंरचना है। सर्वव्यापक, अच्छी गुणवत्ता और किफायती दूरसंचार सेवा और ब्रॉडबैंड तक पहुंच विभिन्न नागरिक केंद्रित कार्यक्रमों/पहलकदमियों को शुरु करने के लिए प्रमुक है जो पहुंच और सूचना प्राप्त करने में असमानताओं को समाप्त करने में सहायता करती है।

2.27 डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार ने अर्थव्यवस्था के प्रमुख उत्प्रेरकों के रूप में ई-गवर्नेंस; डिजीटल सशक्तिकरण और नागरिक समावेशन की पहचान की है। इसके लिए निर्बाध संपर्कता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस छोर पर, 2,50,000 ग्राम पंचायत में, सरकार ने भारतनेट के तहत ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायतों तक देशभर में संपर्कता की शुरुआत की है और हाल के वर्षों में हजारों ग्राम पंचायतों को पहले से जोड़ दिया गया है। बहरहाल, भारतनेट फाइबर द्वारा देश के प्रत्येक गांव, प्रत्येक कोने तक पहुंचना संभव नहीं है। दूरस्थ भौगोलिक क्षेत्रों जहां प्रतिकूल क्षेत्रीय परिस्थितियों और आर्थिक रूप से अव्यवहार्यता के कारण ओएफसी बिछाने में बाधा होगी, वैक्लपिक माध्यम की आवश्यकता होगी। इन प्रकार के क्षेत्र जो देश में बहुत अधिक है, उपग्रह संचार सबसे अधिक औचित्य विकल्प के रूप में उभरा है। यह दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में संचार तथा ब्रॉडबैंड के लिए एक किफायती माध्यम है। इसलिए, उपग्रह संपर्कता डिजीटल इंडिया पहल को शीघ्रता से लागू करने को सुनिश्चित कर सकती है और संपर्क विहीन तक संपर्क पहुंचाने और सूचना तथा पड़ोस में ही ई-गवर्नेंस सेवाओं तक पहुंच के सरकार के आदर्श वाक्य को पूरा कर सकता है।

2.28 दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्ता ब्रॉडबैंड उपलब्ध कराने के संबंध में सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में यूनिवर्सल सर्विस ओब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) द्वारा वित्तपोषित वाई-फाई हॉटस्पॉट संस्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। विगत में, यूएसओएफ प्रशासन/डीओटी और भारत संचार निगम लिमिटेड ने सभी उपयोगकर्ताओं के लिए वाई-फाई नेटवर्क पर इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराने

के लिए फाइबर नेटवर्क का उपयोग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंजों में 25,000 सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करने के लिए एक अनुबंध किया है। प्रस्तावित वाई-फाई प्रवेश ग्रामीण क्षेत्रों जहां फाइबर संभव नहीं है अथवा उपलब्ध नहीं है, वाई-फाई हॉटस्पॉट के लिए बैकहॉल के रूप में उपयुक्त होने वाली वी-सैट प्रौद्योगिक के लिए एक नया परिदृश्य प्रस्तुत करती है।

2.29 हाल ही में सरकार ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल में फैले 80 जिलों में शामिल 2217 स्थानों में “वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में एमएचए चिह्नित टॉवरों पर 2जी+4जी आधारित मोबाइल सेवाओं के प्रावधान” के लिए प्रस्ताव निवेदन जारी किया है। आरएफपी में बैकहॉल प्रौद्योगिकी के लिए प्रावधान को या ता माइक्रोवेव अथवा वीसैट अथवा ओएफसी द्वारा अनुमति दी है और जहां कही भी उपलब्ध हो, भारतनेट बैकहॉल वरीयतापूर्ण है। वीसैट बैकहॉल न्यूनतम 4 एमबीपीएस बैंडविद्थ के साथ कुल साइटों के अधिकतम 5 प्रतिशत के लिए अनुमेय है। इस प्रकार के परिदृश्य में, वीसैट प्रदाता क्षमता उपलब्ध कराने और एलएलए के भीतर मोबाइल बेस स्टेशनो के बैकहॉल के लिए संपर्कता, यदि उनके लाइसेंस में अनुमति हो तो इसमें प्रतिस्पर्धात्मकता ला सकता है।

2.30 सैटेलाइट के माध्यम से बैकहॉल लिंकों के प्रावधान की अनुमति को वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी ऑथोराइजेशन द्वारा केवल मोबाइल नेटवर्क और वाई-फाई हॉटस्पॉट के लिए बैकहॉल संपर्कता तक प्रतिबंधित किया जा सकता है, ताकि ये निकाय एनएलडी सेवा प्रदाताओं के व्यापारिक लाभों पर हावी न हो जाएं। वीसैट द्वारा मोबाइल सेवाओं की बैकहॉल लाइसेंसशुदा सेवा क्षेत्र/सर्कल के क्षेत्राधिकार में अनुमति दी जा सकती है। वीसैट हब देश के किसी भी कोने में स्थित हो सकते हैं। बैकएंड में, वीसैट हब क्षेत्रीय लिंकों द्वारा बीएससी/आरएनसी/जीडब्ल्यू से जुड़े होंगे। विभिन्न परिदृश्यों में वीसैट संपर्कता की प्रस्तावित योजना को चित्र 1.4 में दिखाया गया हैः-

चित्र 1.4: वाणिज्यिक वीसैट लाइसेंसधारक द्वारा प्रस्तावित बैकहॉल प्रावधान



ङ. वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सर्विस ऑथोराइजेशन एवं नेशनल लॉंग डिस्टेंस (एनएलडी) लाइसेंस/प्राधिकरण में वीसैठ सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम प्रभारण

2.31 जैसा पहले ही बताया गया है, सैटेलाइट को टेलीकॉम नेटवर्क (दुर्गम स्थानों और दूरस्थ क्षेत्रों में) और सामुदायिक वाई-फाई नेटवर्क के लिए अत्यंत उपयोगी बैकहॉल तंत्र के रूप में उपयोग किया जाता है और बड़े उपक्रमों द्वारा अपने महत्वपूर्ण उपयोगों के लिए एक बैकअप कनेक्शन और भौगोलिक रूप गैर-पहुंच वाले क्षेत्रो में प्रमुख नेटवर्क के रूप में उपयोग किया जाता है। दूरस्थ और दुर्गम पहुंच वाले क्षेत्रों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए, एक टेलीकॉम सेवा प्रदाता (एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर) सैटेलाइट के माध्यम से बैकहॉल आधारित वीसैट स्थापित करने के लिए अधिकृत है। टीएसपी के पास अपनी व्यवस्था न होने के मामले में, विकल्प के रूप में, उपरोक्त उल्लिखित परिदृश्य में सेवा का प्रावधान यूएल के अंतर्गत एनएलडी लाइसेंस अथवा एनएलडी ऑथोराइजेशन होल्डर के नेटवर्क द्वारा किया जाता है। वर्तमान में वाणिज्यिक वीसैट लाइसेंसधारक को इस प्रकार सेवाएं उपलब्ध कराने की अनुमति नहीं है जबकि इस प्रकार के लाइसेंसधारक बड़ी संख्या में देश में पहले से ही है।

2.32 वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत, रॉयल्टी प्रभारों और स्पेक्ट्रम लाइसेंस फीस को एकसाथ एकत्रित किया गया है और स्पेक्ट्रम उपयोग प्रभार (एसयूसी) के रूप में कहा गया है। डीओटी ने दिनांक 16.04.2003 के अपने परिपत्र द्वारा वाणिज्यिक वीसैट सर्विस ऑथोराइजेशन के लिए स्पेक्ट्रम प्रभार (रॉयल्ट और लाइसेंस फीस) प्रभारित करने के लिए एजीआर आधारित तंत्र पर आई है। वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी लाइसेंस में एसयूसी एजीआर आधार पर प्रभारित होता है और डेटा दरों पर निर्भर करते हुए 3 से 4 प्रतिशत के बीच होता है। जबकि, एनएलडी लाइसेंस/ऑथोराइजेशन में वीसैट संबंधित सेवा के लिए प्रभारण तंत्र फार्मूला आधारित है और डीओटी के दिनांक 22.03.2012 के आदेश संख्या पी-11014/34/2009-पीपी द्वारा निर्धारित फार्मूले द्वारा शासित होता है **(अनुलग्नक-II)**. रॉयल्टी प्रभार किसी भी प्रकार के सैटेलाइट आधारित रेडियो-संचार नेटवर्क (आईएलडी, एनएलडी, टेलीपोर्ट, डीएसएनजी, डीटीएच, वीसैट, आईएनस्मार्ट और सैटेलाइट रेडियो सहित) की प्रत्येक आवृत्ति की कुल लाइसेंसशुदा बैंडविद्थ पर लागू होता है। प्रति आवृत्ति वार्षिक रॉयल्टी की गणना के लिए, नीचे दी गई तालिका के अनुसार आर, एक बैंडविद्थ फैक्टर (बीएस) लागू होता है। रॉयल्टी 'आर' निम्नलिखित फार्मूला के अनुसार किसी अपलिंक अथवा डाउनलिंक के लिए देय हैः

रॉयल्टी, आर (रुपए में) =35000 x बीएस

तालिका कः सैटेलाइट संचार के लिए बैंडविद्थ फैक्टर (बीएस)

किसी आवृत्त को सौंपी गई बैंडविद्थ (डब्ल्यू केएचजेड)	**अपलिंक के लिए बैंडविद्थ फैक्टर (बीएस)**		**डाऊनलिंक के लिए बैंडविद्थ फैक्टर (बीएस)**	
	प्रसारण	**अन्य**	**प्रसारण**	**अन्य**
100 केएचजेड तक और सहित	0.25	0.20	कुछ नहीं	0.20
100 केएचजेड से अधिक और 250 केएचजेड तक और सहित	0.60	0.50	कुछ नहीं	0.50
250 केएचजेड से अधिक और 500 केएचजेड तक	1.25@	1.00@	कुछ नहीं	1.00@
प्रत्येक 500 केएचजेड और उसके प्रत्येक भाग के लिए	1.25@	1.00@	कुछ नहीं	1.00@

[@प्रत्येक 500 केएचजेड और उसके प्रत्येक भाग के लिए]

2.33 'ग्रामीण भारत में दूरसंचार सेवाओं की वृद्धि - आगे का रास्ता', में 3.10.2005 को अपनी सिफारिशों में, प्राधिकरण ने सिफारिश कि डब्ल्यूपीसी फीस (एसयूसी) की सिंगल दर होनी चाहिए और अधिकतम दर को 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 1 प्रतिशत किया जाना चाहिए जो केवल प्रशासनिक प्रभारों के लिए हो। इसके अतिरिक्त, ट्राई ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और वाणिज्यिक बहुत छोटे अपर्चर टर्मिनल सेवा प्रदाताओं के लिए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क और प्रकल्पित समायोजित सकल राजस्व पर दिनांक 7-03.2017 की अपनी सिफारिशों के माध्यम से दोहराया है कि वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवाओं के संबंध में डेटा दर के बावजूद एसयूसी वार्षिक वृद्धि दर के 1% से अधिक नहीं होना चाहिए।

2.34 वर्तमान लाइसेंसिंग व्यवस्था के अनुसार, वीसैट आधारित बैकहॉल बैंडविड्थ का निर्माण एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर द्वारा ही किया जा सकता है या वैकल्पिक रूप से एनएलडी सेवा प्रदाता से पट्टे पर बैंडविड्थ के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। वीसैट आधारित नेटवर्क बनाने में अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) से उपग्रह ट्रांसपोंडर प्राप्त करना और डीओटी के डब्ल्यूपीसी विंग से आवृत्ति प्राधिकरण शामिल है। वीसैट नेटवर्क के लिए आवृत्ति प्राधिकरणों के लिए, निर्धारित रॉयल्टी शुल्क और लाइसेंस शुल्क का भुगतान डीओटी को किया जाना होता है। एक्सेस सर्विस ऑथेराइजेशन और एनएलडी सर्विस ऑथोराइजेशन के तहत, उपग्रह आधारित प्रणाली के लिए आवृत्ति प्राधिकरण के रॉयल्टी शुल्क की गणना डीओटी द्वारा 22.03.2012 के आदेश के माध्यम से निर्धारित फार्मूले के अनुसार की जाती है, जैसा कि ऊपर पैरा 2.32 में संदर्भित किया गया है। उक्त पत्र के माध्यम से

निर्धारित रॉयल्टी शुल्क बहुत अधिक है और इसलिए बढ़ता है क्योंकि स्पेक्ट्रम की समान मात्रा का उपयोग करते समय वीसैट टर्मिनलों की संख्या बढ़ जाती है।

2.35 कई वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी लाइसेंसधारक के देशभर में बड़ी संख्या में टर्मिनल है जिन्हें बैकहॉल कनेक्टिविटी मुहैया कराने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है, यदि वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी ऑथोराइजेशन में सक्षमता प्रावधान किए गए हो। बहरहाल, आवृत्ति प्राधिकरण के लिए एसयूसी प्रभारों (रॉयल्टी प्रभार) को गणना करने की विधि के परिणामस्वरूप वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी ऑथोराइजेशन और एनएलडी सर्विस ऑथोराइजेशन के अंतर्गत विभिन्न प्रभार होंगे। इसलिए, सैटेलाइट आधारित प्रणाली के रॉयल्टी प्रभारों की गणना मौजूदा एजीआर आधारित फार्मूले से एक्सेस सर्विस के साथ-साथ एनएलडी सर्विस ऑथोराइजेशन के लिए एजीआर में अंतरित करने के लिए भी खंगाला गया है। बहरहाल, संबंधित लाइसेंस/ऑथोराइजेशन में इस प्रकार के प्रावधान को लाइसेंस/ऑथोराइजेशन धारक की राजस्व रिपोर्टों में पृथक लेखाकरण की आवश्यकता होती है।

2.36 अभी तक नहीं जुड़े क्षेत्रों को जोड़ने और दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध करान में वीसैट प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, सेवा की व्यवर्हायता और किफायत एक महत्वपूर्ण पहलू है। देश के कई क्षेत्र जहां संपर्कता नहीं है, दूरसंचार नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है, यदि एनएलडी सेवा लाइसेंस के अंतर्गत वीसैट आधारित कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना और अधिक किफायती हो।

2.37 प्राधिकरण ने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि एनएलडी लाइसेंस/प्राधिकरण के माध्यम से वाणिज्यिक वीसैट लाइसेंस/प्राधिकरण और वीसैट सेवाओं के माध्यम से प्रदान की जाने वाली समान प्रौद्योगिकी अर्थात वीसैट सेवाओं के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए चार्जिंग तंत्र में भिन्नता है। यद्यपि इन सेवा प्राधिकरणों के दायरे में अंतर है लेकिन दोनों प्राधिकरण दूरसंचार सेवाओं की वाणिज्यिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए हैं। यह उल्लेखनीय है कि अधिकांश सेवा प्राधिकरणों में, स्पेक्ट्रम चार्जिंग को फार्मूला आधार के बजाय एजीआर के प्रतिशत के आधार पर निर्धारित किया गया है। पूर्व में, प्राधिकरण ने जीएमपीसीएस/इनमारसैट, माइक्रोवेव एक्सेस बैकहॉल और पीएमआरटीएस जैसी सेवाओं के लिए एजीआर आधार पर स्पेक्ट्रम चार्ज करने की सिफारिश की है।

अध्याय -III: परामर्श के लिए प्रश्न

3.1 की गई चर्चा और पिछले अध्यायों में उठाए गए मुद्दों के आधार पर, साझेदारों से निम्न उल्लिखित मुद्दों पर तर्कसंगत औचित्य सहित टिप्पणियां आमंत्रित की जाती हैः-

Q1. दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, क्या वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा प्रदाता को उपग्रह के माध्यम से मोबाइल सेवाओं और वाई-फाई हॉटस्पॉट के लिए बैकहॉल कनेक्टिविटी प्रदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए? कृपया अपने उत्तर का तर्कसंगत औचित्य बताएं।

Q2. क्या वाणिज्यिक वीसैट सीयूजी सेवा प्राधिकरण के दायरे को एकीकृत लाइसेंस और यूएल (वीएनओ) लाइसेंस दोनों के तहत बढ़ाया जाए ताकि उक्त बैकहॉल कनेक्टिविटी के प्रावधान को सक्षम किया जा सके? कृपया अपने उत्तर का तर्कसंगत औचित्य बताएं।

